**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**01.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे**

**वेव्स सम्मेलन**

भारत आज मुंबई में पहले विश्व श्रव्य –दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 की मेजबानी करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार दिन के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह समारोह ऑडियो विजुअल और मनोरंजन उद्योग के भविष्य पर चर्चा के लिए वैश्विक मंच उपलब्ध कराएगा। सम्मेलन की थीम है कनेक्टिंग क्रियेटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज। सम्मेलन का उद्देश्य भारत को मीडिया, मनोरंजन औरडिजिटल नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। इसमें फिल्मों, ओटीटी, गेमिंग, कॉमिक्स, डिजिटल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रसारण और उभरती तकनीक को साथ लाकर इस क्षेत्र में भारत की क्षमता का प्रदर्शन करना।

**राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 5 से 9 मई तक प्रस्तावित प्रदेश दौरा स्थगित हो गया है। उनका दौरा स्थगित होने की सूचना प्रदेश सरकार को मिल गई है। पहले तय दौरे के अनुसार राष्ट्रपति को 5 मई को शिमला पहुंचना था। विस्तृत ब्यौरा इस रिपोर्ट में.......

डिस्पैच– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पहले प्रस्तावित दौरे के अनुसार कई कार्यक्रम निर्धारित थे। छह मई को उनका शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान आरट्रक में कार्यक्रम तय था, जबकि 7 मई को आईआईटी मंडी और 8 मई को अटल टनल रोहतांग का दौरा करने के बाद 9 मई को वापिस दिल्ली लौटने का कार्यक्रम प्रस्तावित था। राष्ट्रपति के दौरे के मददेनजर स्थानीय प्रशासन तैयारियों में जुटा था।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला के अटल सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाना में आंतरिक रोगी विभाग का शुभारंभ करेंगे। इसी के साथ यहां गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी, यूरोलॉजी, और प्लास्टिक सर्जरी की इंडोर सुविधाएं शुरू होंगी। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्व सिंह भी मौजूद रहेंगे। हालांकि आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं पहले की तरह आईजीएमसी शिमला में ही चलेंगी।

**जाति जनगणना**

केंद्र सरकार ने आगामी जनगणना में जाति गणना भी कराने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की राजनीतिक कार्यसमिति ने यह निर्णय लिया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विन वैष्णव ने बताया कि कुछ राज्यों ने जातिगत सर्वेक्षण समुचित रूप से कराया, लेकिन कुछ अन्य राज्यों ने इसे राजनीतिक मंशा से और गैर–पारदर्शी ढंग से कराया है, जिसे लेकर समाज में संदेह की स्थिति बनी। वैष्णव ने कहा कि इन कारणों को ध्यान में रखते हुए और देश के सामाजिक तानेबाने को किसी राजनीति से बचाए रखने के उद्देश्य से सर्वेक्षण के स्थान पर जाति गणना आगामी जनगणना में

पारदर्शी तरीके से शामिल की जाएगी। इससे सामाजिक और आर्थिक ढांचा मजबूत होगा और राष्ट्र प्रगतिपथ पर आगे बढेगा।

## श्रमिक दिवस

आज विश्व श्रमिक दिवस है। श्रमिकआंदोलनों और विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था में कामगारों के योगदान को रेखांकित करने के लिए हर वर्ष पहली मई को श्रमिक दिवस मनाया जाता है। इसे मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते अगले पांच दिनों तक प्रदेश में बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि आगामी छह मई तक प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में अंधड़ चलने और बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज समाचार पत्रों ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–**धर्मशाला शिफ्ट होगा पर्यटन विकास निगम का मुख्यालय।** पंजाब केसरी ने लिखा है–**धर्मशाला सहित जिला कांगड़ा की अन्य जगहों पर एचपीटीडीसी का मुख्यालय शिफ्ट करने को तलाश जाएगा स्थान।** दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–**कांगड़ा जाएगा पर्यटन निगम मुख्यालय, बीओडी में फैसला, चेयरमैन आरएस बाली ने किया एलान।** दैनिक सवेरा टाइम्स ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–**एचपीटीडीसी ने पहली बार रिकार्ड 100 करोड़ से अधिक टर्नओवर अर्जित की।** जबकि आपका फैसला का कहना है–**एचपीटीडीसी को 100 करोड़ का ऐतिहासिक लाभ।**

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री के बयान को सुर्खी दी है–**फिलहाल बंद नहीं होगी कम्युटेशन,** वहीं हिमाचल दस्तक लिखता है–**अप्रैल में रिटायर हुए कर्मचारियों को मिलेगा पूरा कम्युटेशन।**

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हिमाचल दौरा स्थगित** शीर्षक से खबर को अमर उजाला ने प्रमुखता दी है।

मौसम पर दैनिक भास्कर के शब्द हैं–**प्रदेश में आज से छह मई तक बारिश और अंधड़ का अलर्ट, गर्मी से मिलेगी राहत।**

**इसी के साथ यह समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार ।**